कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय हमीरपुर में वर्तमान में संचलित सरकारी पुरानी स्टाफ कार वाहन सं० यू०पी०–70 ए०जी० 0731 (होन्डा सिटी) की नीलामी **दिनांक 21.06.2024** को **दोपहर 1.00 बजे** जनपद न्यायालय स्थित **सभागार** में नियत की गयी है। उक्त (होन्डा सिटी) की नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति निम्न शर्तो सहित दिनांक 21.06.2024 को समय 10.30 बजे तक अपने–अपने प्रार्थनापत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड जमानत धनराशि के साथ केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय हमीरपुर में प्रस्तुत कर सकते है।

1. सरकारी पुरानी स्टाफ कार वाहन सं० यू०पी०–70 ए०जी० 0731 (होन्डा सिटी) का नीलामी का न्यूनतम मूल्य मु० 2,95,000/– (मु०दो लाख पनचानबे हजार रुपये) निर्धारित है, उससे कम की कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. नीलामी आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक बोलीदाता को निर्धारित जमानत धनराशि के रुप में मु० 10,000/– रुपये (मु०दस हजार रुपये मात्र) नगद दिनांक 21.06.2024 को 10.30 बजे तक केन्द्रीय नजारत में जमा करने होंगे।
3. जिस व्यक्ति की नीलामी धनराशि अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे नीलामी धनराशि का 1/4 अग्रिम किस्त के रुप में तुरन्त जमा करना होगा, उसके द्वारा जो जमानत धनराशि जमा की गई थी उसे इस किस्त की धनराशि में समायोजित किया जायेगा।
4. नीलामी स्वीकृति होने की तिथि से 07 दिन के अन्दर बोलीदाता को शेष 3/4 धनराशि नजारत अनुभाग में जमा करनी होगी।
5. किसी भी बोली को बिना किसी कारण के अस्वीकृत करने का क्षेत्राधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय हमीरपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

स्टाफ कार से सम्बन्धित नीलामी प्रक्रिया की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

अध्यक्ष
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्रीमान् ओ०एस०डी०(कम्प्यूटर)मा०उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को मा०उच्च न्यायालय की वेंबसाइट पर नीलामी सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित प्रेषित।
2. जनपद न्यायालय, हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालय नगर पालिका, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय ए०आर०टी०ओ०(प्रशासन) हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
7. जनपद न्यायालय, बांदा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय, महोबा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
11. सिस्टम ऑफीसर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा०उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने हेतु।

अध्यक्ष
नीलामी समिति
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।